# वाणिज्य व लेखाविधि (प्रश्न-पत्र–I)

| निर्धारित समय : तीन घण्टे | अधिकतम अंक : 250 |
|---|---|

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़िए)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों में शब्द-सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

यदि आवश्यक हो, तो उपयुक्त आँकड़ों का चयन कीजिए तथा उनको स्पष्टतया निर्दिष्ट कीजिए।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए।

---

# COMMERCE AND ACCOUNTANCY (PAPER–I)

| Time Allowed : Three Hours | Maximum Marks : 250 |
|---|---|

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Assume suitable data, if considered necessary, and indicate the same clearly.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड—A / SECTION—A

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* कम्पनियों द्वारा शेयरों की वापस खरीद (बायबैक) से क्या तात्पर्य है? शेयरों की वापस खरीद के कारण और स्रोतों का वर्णन कीजिए।

What is meant by buyback of shares by companies? Explain the reasons and sources of buyback of shares.

*(b)* ''भारत में उभरते आर्थिक परिदृश्य में लागत लेखांकन अधिक से अधिक प्रासंगिक होता जा रहा है।'' टिप्पणी कीजिए।

"Cost Accounting is becoming more and more relevant in the emerging economic scenario in India." Comment.

*(c)* एक गैर-लाभकारी संगठन के खातों का लेखा-परीक्षण करते समय एक लेखा-परीक्षक द्वारा विचार की जाने वाली प्रमुख बातों का वर्णन कीजिए।

Explain the major points to be considered by an auditor while auditing the accounts of a non-profit organization.

*(d)* लेखांकन मानक–12 (ए० एस०–12) के अनुसार सरकारी अनुदानों के लेखांकन व्यवहार की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

Briefly explain the accounting treatment of Government Grants as per AS–12.

*(e)* ''एक करदाता न केवल अपनी आय पर कर देने के लिए उत्तरदायी है बल्कि उसका दायित्व कुछ अन्य आय के लिए भी बढ़ सकता है।'' स्पष्ट कीजिए।

"An assessee is not only liable in respect of his own incomes for tax purposes but his liability may extend to some other incomes also." Explain.

**2.** *(a)* *AB* लिमिटेड का 31 मार्च, 2022 को तुलन-पत्र निम्नलिखित है :

| | ₹ |
|---|---|
| I. *इक्विटी एवं दायित्व* | |
| 1. शेयरधारक निधि : | |
| *(a)* अंश पूँजी : | |
| 16000 समता अंश @ ₹ 100 प्रत्येक पूर्ण प्रदत्त | 16,00,000 |
| *(b)* आरक्षितियाँ एवं अधिशेष | (–) 21,40,000 |
| 2. अप्रचलित दायित्व : | |
| 8% ऋणपत्र | 28,00,000 |
| अर्जित ब्याज | 1,40,000 |

| | | ₹ |
|---|---|---|
| 3. चालू दायित्व : | | |
| विविध लेनदार | | 9,00,000 |
| आयकर दायित्व | | 20,000 |
| | कुल | 33,20,000 |
| II. *परिसम्पत्तियाँ* | | |
| 1. अप्रचलित परिसम्पत्तियाँ : | | |
| भूमि, भवन तथा संयन्त्र | | 28,00,000 |
| 2. चालू परिसम्पत्तियाँ : | | |
| स्टॉक | | 2,00,000 |
| विविध देनदार | | 80,000 |
| निवेश | | 30,000 |
| बैंक में नकदी | | 2,06,000 |
| हाथ में नकदी | | 4,000 |
| | कुल | 33,20,000 |

स्थायी परिसम्पत्तियाँ भारी रूप से अधिमूल्यित हैं। एक पुनर्गठन योजना बनाई तथा पास की गई। योजना के मुख्य बिन्दु इस प्रकार हैं :

*(i)* प्रत्येक अंश को ₹ 10 वाले दश पूर्ण प्रदत्त समता अंशों में उपविभाजित किया जाए

*(ii)* ऐसे उपविभाजन के पश्चात्, प्रत्येक अंशधारी अपनी धारिता का 90% कम्पनी को समर्पित करेगा, ताकि उनको ऋणपत्र धारकों तथा लेनदारों को जारी किया जा सके, जितना आवश्यक रहे तथा शेष रद्द कर दिए जाए

*(iii)* इन समर्पित अंशों में से 100000 समता अंशों, ₹ 10 प्रति, को ऋणपत्र धारकों के लिए 8% अधिमान अंशों, ₹ 10 प्रति पूर्ण प्रदत्त, में बदल दिया जाए

*(iv)* ऋणपत्र धारकों का कुल दावा घटाकर ₹ 10,00,000 कर दिया जाए। इसे 100000 अधिमान अंशों, ₹ 10 प्रति पूर्ण प्रदत्त, के निर्गमन द्वारा संतुष्ट किया जाएगा

*(v)* विविध लेनदारों के दावे को 80% से घटाया जाएगा तथा शेष को समर्पित अंशों से ₹ 10 प्रति के पूर्ण प्रदत्त समता अंश जारी करके संतुष्ट किया जाएगा

*(vi)* समर्पित अंश, जो निर्गमित नहीं हुए हैं, निरस्त कर दिए जाएँगे

यह मानते हुए कि सभी पक्षकारों तथा न्यायालय द्वारा योजना को स्वीकृत कर लिया गया, आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ बनाइए तथा योजना लागू होने के बाद का कम्पनी का तुलन-पत्र तैयार कीजिए।

The Balance Sheet of *AB* Ltd. as on March 31, 2022 is as under :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| I. *Equity and Liabilities* | | |
| 1. Shareholders' Funds : | | |
| (a) Share Capital : | | |
| 16000 Equity Shares of ₹ 100 each fully paid | | 16,00,000 |
| (b) Reserves and Surplus | | (–) 21,40,000 |
| 2. Non-Current Liabilities : | | |
| 8% Debentures | | 28,00,000 |
| Accrued Interest | | 1,40,000 |
| 3. Current Liabilities : | | |
| Sundry Creditors | | 9,00,000 |
| Income Tax Liability | | 20,000 |
| | Total | 33,20,000 |
| II. *Assets* | | |
| 1. Non-Current Assets : | | |
| Land, Building and Machinery | | 28,00,000 |
| 2. Current Assets : | | |
| Stock | | 2,00,000 |
| Sundry Debtors | | 80,000 |
| Investments | | 30,000 |
| Cash at Bank | | 2,06,000 |
| Cash in Hand | | 4,000 |
| | Total | 33,20,000 |

The fixed assets are heavily overvalued. A scheme of reorganization was prepared and passed. The salient points of the scheme are the following :

*(i)* Each share shall be sub-divided into ten fully paid Equity Shares of ₹ 10 each

*(ii)* After such sub-division, each shareholder shall surrender to the company 90% of his holding, for the purpose of re-issue to debenture holders and creditors so far as required and otherwise for cancellation

*(iii)* Of those surrendered, 100000 Equity Shares of ₹ 10 each shall be converted into 8% Preference Shares of ₹ 10 each fully paid for debenture holders

*(iv)* The debenture holders' total claim shall be reduced to ₹ 10,00,000. This will be satisfied by the issue of 100000 Preference Shares of ₹ 10 each fully paid

*(v)* The claim of sundry creditors shall be reduced by 80% and the balance shall be satisfied by allotting them Equity Shares of ₹ 10 each fully paid from the shares surrendered

*(vi)* Shares surrendered and not re-issued shall be cancelled

Assuming that the scheme is duly approved by all parties interested and by the Court, draft necessary Journal Entries and Balance Sheet of the company after the scheme has been carried into effect. 20

*(b)* एक नयी स्थापित निर्माण कम्पनी एक उत्पाद का उत्पादन करने की योजना बना रही है जो कि ₹ 150 प्रति इकाई के हिसाब से बिकेगा। उत्पाद की माँग प्रति वर्ष 10000 इकाइयों पर अनुमानित है। कम्पनी के पास दो मशीनों का विकल्प है (मशीन—*A* एवं मशीन—*B*), जिनमें से प्रत्येक मशीन की उत्पादन क्षमता प्रति वर्ष 10000 इकाइयाँ हैं। मशीन—*A* की स्थायी लागत प्रति वर्ष ₹ 4,00,000 होगी और 10000 इकाइयों की बिक्री पर प्रति वर्ष ₹ 5,00,000 का लाभ होगा। मशीन—*B* की स्थायी लागत प्रति वर्ष ₹ 2,80,000 होगी और 10000 इकाइयों की बिक्री पर प्रति वर्ष ₹ 3,20,000 का लाभ होगा। परिवर्तनीय लागतें दोनों मशीनों के लिए रैखिक रूप से व्यवहार करती हैं।

बिक्री की जिस मात्रा पर दोनों मशीनों की लागतें उदासीन होंगी, उसकी गणना कीजिए।

A newly setup manufacturing company is planning to produce a product that will be sold for ₹ 150 per unit. The demand of the product is estimated at 10000 units per year. The company has the choice of two machines (i.e., Machines—*A* and *B*), each of which has a capacity of producing 10000 units per year. Machine—*A* would have fixed costs of ₹ 4,00,000 per year and would yield a profit of ₹ 5,00,000 per year on sale of 10000 units. Machine—*B* would have fixed costs of ₹ 2,80,000 per year and would yield profit of ₹ 3,20,000 per year on sale of 10000 units. Variable costs behave linearly for both machines.

Calculate the volume of sales at which the costs of two machines will be indifferent. 15

*(c)* भारतीय आयकर अधिनियम, 1961 के अनुसार निवासीय स्थिति की क्या प्रासंगिकता है? आयकर के लिए एक व्यक्ति की निवासीय स्थिति किस प्रकार निर्धारित की जाती है, विस्तार से चर्चा कीजिए।

What is the relevance of residential status as per the Indian Income-tax Act, 1961? Discuss in detail how the residential status of an individual is determined for income tax purposes. 15

3. *(a)* निम्नलिखित सूचना के आधार पर, प्रक्रिया खाते तैयार कीजिए तथा *X* लिमिटेड द्वारा अप्रैल 2022 में कमाए गए वास्तविक लाभों की गणना कीजिए :

| *विवरण* | *प्रक्रियाएँ* | | | *निर्मित उत्पाद* |
|---|---|---|---|---|
| | *A* | *B* | *C* | |
| प्रारम्भिक स्टॉक (₹ में) | 8,000 | 9,600 | 6,400 | 24,000 |
| प्रत्यक्ष सामग्री (₹ में) | 16,000 | 16,800 | 24,000 | |
| प्रत्यक्ष मज़दूरी (₹ में) | 12,000 | 12,000 | 12,800 | |
| उपरिव्यय (₹ में) | 11,200 | 4,800 | 32,000 | |
| अन्तिम स्टॉक (₹ में) | 4,000 | 4,800 | 3,200 | 12,000 |
| लागत पर लाभ (%) | $33\frac{1}{3}$ | 25 | 25 | |
| प्रारम्भिक स्टॉक के लिए अन्तर-प्रक्रिया लाभ (₹ में) | — | 1,600 | 1,600 | 8,800 |

प्रक्रिया के दौरान स्टॉक को प्रमुख लागत पर मूल्यांकित किया जाता है तथा तैयार उत्पाद को प्रक्रिया—*C* से प्राप्त मूल्य पर मूल्यांकित किया जाता है। इस अवधि के दौरान बिक्री ₹ 2,80,000 थी।

From the following information, prepare Process A/cs and calculate the actual profits earned by *X* Ltd. for the month of April 2022 :

| *Particulars* | *Processes* | | | *Finished Stock* |
|---|---|---|---|---|
| | A | B | C | |
| Opening Stock (in ₹) | 8,000 | 9,600 | 6,400 | 24,000 |
| Direct Material (in ₹) | 16,000 | 16,800 | 24,000 | |
| Direct Wages (in ₹) | 12,000 | 12,000 | 12,800 | |
| Overheads (in ₹) | 11,200 | 4,800 | 32,000 | |
| Closing Stock (in ₹) | 4,000 | 4,800 | 3,200 | 12,000 |
| Profit on Cost (%) | $33\frac{1}{3}$ | 25 | 25 | |
| Inter-process Profit for Opening Stock (in ₹) | — | 1,600 | 1,600 | 8,800 |

Stocks in process are valued at prime cost and finished stock has been valued at price at which it received from Process—*C*. Sales during the period were ₹ 2,80,000. 20

(b) मि० *A*, चेन्नई निवासी, दो मकानों का स्वामी है, जिनका विवरण निम्नलिखित है :

| | *मकान—I* | *मकान—II* |
|---|---|---|
| मानक किराया (किराया नियन्त्रण अधिनियम के अन्तर्गत) (₹ में) | 38,000 | 36,000 |
| नगरपालिका मूल्यांकन (₹ में) | 40,000 | 45,000 |
| उचित किराया (₹ में) | 50,000 | 60,000 |
| वास्तविक किराया (₹ में) | — | 45,000 |
| गत वर्ष में भुगतान किए गए नगरपालिका कर (₹ में) | 6,000 | 7,250 |
| अग्नि बीमा प्रीमियम (₹ में) | 500 | 4,500 |
| पानी सुविधा कर (देय किन्तु अदत्त) (₹ में) | 600 | 750 |
| मकान के निर्माण हेतु प्राप्त ऋण पर ब्याज (₹ में) | 22,500 | 5,750 |
| पट्टे का किराया (देय किन्तु अदत्त) (₹ में) | 750 | 750 |
| सम्पत्तियों का उपयोग | स्वयं के निवास हेतु | रिहाइश के लिए किराए पर |

मि० *A* की कर-निर्धारण वर्ष 2022–23 की करयोग्य आय की गणना कीजिए। मकान—*I* का निर्माण फरवरी 2022 में हुआ, जबकि मकान—*II* का निर्माण 2012 में हुआ। इस परिस्थिति के परिणाम को आयकर अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कैसे उपचारित किया जाएगा?

Mr. *A*, resident of Chennai, owns two houses, the particulars of which are as under :

| | *House—I* | *House—II* |
|---|---|---|
| Standard Rent (under the Rent Control Act) (in ₹) | 38,000 | 36,000 |
| Municipal Valuation (in ₹) | 40,000 | 45,000 |
| Fair Rent (in ₹) | 50,000 | 60,000 |
| De facto Rent (in ₹) | — | 45,000 |
| Municipal Taxes paid during previous year (in ₹) | 6,000 | 7,250 |
| Fire Insurance Premium (in ₹) | 500 | 4,500 |
| Water Benefit Tax (due but outstanding) (in ₹) | 600 | 750 |
| Interest on Loan taken to construct the house (in ₹) | 22,500 | 5,750 |
| Rent of Lease (due but outstanding) (in ₹) | 750 | 750 |
| Use of Assets | Self-occupied | Rented for Residence |

Compute the Taxable Income of Mr. *A* for the Assessment Year, 2022–23. House—*I* is constructed in February 2022, whereas House—*II* in 2012. How will the outcome of this situation be treated as per the provisions of the Income-tax Act? 15

(c) ''लेखा-परीक्षण अनिवार्य रूप से अनुसन्धान (इन्वेस्टीगेशन) नहीं है।'' क्यों? अनुसन्धान में अपनायी जाने वाली सामान्य प्रक्रिया की व्याख्या कीजिए।

"An audit is not essentially an investigation." Why? Explain the general procedure followed in an investigation. 15

4. (a) *A* लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 160000 शेयरों के लिए ₹ 2·50 प्रति शेयर की प्रीमियम पर, निम्नानुसार देय, आवेदन आमन्त्रित किए :

आवेदन के समय—₹ 3 प्रति शेयर
आबंटन के समय—₹ 4·50 प्रति शेयर (प्रीमियम के साथ)
पहली माँग पर—₹ 2 प्रति शेयर
दूसरी व अन्तिम माँग पर—₹ 3 प्रति शेयर

340000 शेयरों के लिए आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 20000 शेयरों के लिए आवेदन खारिज कर दिए गए और उन्हें धन वापिस कर दिया गया। शेष आवेदकों को आनुपातिक आबंटन कर दिया गया। आवेदन पर भुगतान की गई अधिक राशि का उपयोग देय आबंटन राशि के प्रति समायोजित कर लिया गया।

कपिल, जिसको 4000 शेयर आबंटित किए गए थे, आबंटन राशि का भुगतान नहीं कर पाया और उसके बाद पहली माँग का भुगतान न करने पर उसके शेयरों को जब्त कर लिया गया।

रामू, जो कि 2400 शेयरों का धारक था, दोनों माँगों का भुगतान करने में विफल रहा और अन्तिम माँग के बाद उसके शेयरों को जब्त कर लिया गया।

जब्त किए गए शेयरों में से 4800 शेयरों को ₹ 8 प्रति शेयर की दर से पूर्ण प्रदत्त जारी कर दिया गया, जिनमें कपिल के सभी जब्त शेयर शामिल हैं।

आप आवश्यक जर्नल (नकल बही) प्रविष्टियाँ दीजिए।

*A* Limited invited applications for 160000 shares of ₹ 10 each at a premium of ₹ 2·50 per share payable as follows :

On Application—₹ 3 per share
On Allotment—₹ 4·50 per share (including premium)
On 1st Call—₹ 2 per share
On 2nd and Final Call—₹ 3 per share

Applications were received for 340000 shares, out of which applications for 20000 shares were rejected and money refunded to them. The allotment was made pro rata to the remaining applicants. Money overpaid on application was used against allotment money due.

Kapil to whom 4000 shares were allotted failed to pay the allotment money and on his subsequent failure to pay the first call, his shares were forfeited.

Ramu, the holder of 2400 shares, failed to pay the two calls and his shares were forfeited after the final call.

Of the forfeited shares, 4800 shares were re-issued at the rate of ₹ 8 per share credited as fully paid, including the whole of Kapil's forfeited shares.

You are required to give the necessary Journal Entries. 20

*(b)* स्वतन्त्र लाभ केन्द्र के रूप में विभाग की अवधारणा का वर्णन कीजिए। विभाग के निष्पादन मूल्यांकन की प्रत्याय की दर विधि एवं अवशेष आय विधि की तुलना कीजिए।

Discuss the concept of a division as an independent profit centre. Compare the Rate of Return Method with the Residual Income Method of performance evaluation of a division. 15

*(c)* भारतीय आयकर अधिनियम, 1961 के अनुसार निम्नलिखित की व्याख्या कीजिए :

*(i)* ग्रेच्युटी

*(ii)* सेवानिवृत्ति के समय अवकाश के बदले नकद भुगतान

Explain the following as per the Indian Income-tax Act, 1961 :

*(i)* Gratuity

*(ii)* Leave encashment at the time of retirement 9+6=15

## खण्ड—B / SECTION—B

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* ई॰ बी॰ आइ॰ टी॰-ई॰ पी॰ एस॰ विश्लेषण के सन्दर्भ में 'वित्तीय उदासीनता बिन्दु' को उपयुक्त उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

Explain the 'Financial Indifference Point' in the context of EBIT-EPS analysis by giving suitable example.

*(b)* पूँजी संरचना से क्या अभिप्राय है? पूँजी संरचना के प्रमुख निर्धारकों की चर्चा कीजिए।

What is meant by capital structure? Discuss the major determinants of capital structure.

*(c)* भारतीय रिज़र्व बैंक की मौद्रिक नीति के उद्देश्यों की व्याख्या कीजिए।

Explain the objectives of monetary policy of the RBI.

*(d)* पूँजी बाजार क्या है? किसी देश के आर्थिक विकास में पूँजी बाजार की भूमिका की चर्चा कीजिए।

What is capital market? Discuss the role of capital market in the economic development of a country.

*(e)* विलयन (मर्जर) क्या है? विलयन के विभिन्न प्रकारों का वर्णन कीजिए।

What is merger? Explain various types of merger.

**6.** *(a)* मून लिमिटेड अपनी श्रम-प्रधान निर्माण सुविधा को बदलना चाहती है। कम्पनी मशीनिंग प्रणाली स्थापित करने के लिए एक परियोजना का मूल्यांकन कर रही है। यह अनुमान लगाया गया है कि प्रणाली के परिणामस्वरूप मजदूरी में ₹ 13,50,000; पर्यवेक्षी लागत में ₹ 4,50,000; उत्पादन के दौरान सामग्री हानि ₹ 1,50,000; इन्वेंटरी लागत में ₹ 1,20,000 और अन्य परिचालन लागतों में ₹ 90,000 की वार्षिक बचत होगी।

मशीनिंग प्रणाली की लागत ₹ 22,50,000 होने की सम्भावना है और इसके लिए ₹ 1,50,000 की स्थापना लागत की आवश्यकता होगी। इसका उपयोगी जीवन 5 वर्ष अनुमानित है। प्रणाली को संचालित करने के लिए कम्पनी को दो प्रशिक्षित ऑपरेटरों की सेवाओं की आवश्यकता होगी जिनमें प्रत्येक का वार्षिक वेतन ₹ 4,50,000 होगा। इसकी वार्षिक मरम्मत और रखरखाव की लागत ₹ 1,20,000 होगी। निगमित कर की दर 30% तथा आवश्यक प्रतिफल दर 12% मानते हुए मून लिमिटेड को सुझाव दीजिए कि उसे परियोजना को स्वीकार करना चाहिए या नहीं।

एक एन्युटी के लिए 12% से 5 वर्ष के लिए पी॰ वी॰ एफ॰ 3·605 है।

Moon Ltd. wants to replace its labour-intensive manufacturing facility. The company is evaluating a project to install a machining system. It is estimated that the system will result in annual savings of ₹ 13,50,000 in wages, ₹ 4,50,000 in supervisory cost, ₹ 1,50,000 in material losses during production, ₹ 1,20,000 in inventory cost and ₹ 90,000 in other operating costs.

The machining system is likely to cost ₹ 22,50,000 and will require an installation cost of ₹ 1,50,000. Its useful life is estimated at 5 years. To operate the system, the company requires the services of two trained operators at an annual salary of ₹ 4,50,000 each. Its annual repairs and maintenance cost is likely to be ₹ 1,20,000. Assuming that the corporate tax rate is 30% and the required rate of return is 12%, suggest Moon Ltd. whether it should accept the project or not.

The PVF of an annuity @ 12% for 5 years is 3·605. 20

*(b)* निम्नलिखित जानकारी बड़े पैमाने पर ग्राहक खुदरा बिक्री में लगे *X* लिमिटेड के रिकॉर्ड से निकाली गई है। आपको वर्ष 2022–23 के लिए इसकी कार्यशील पूँजी की आवश्यकताओं का पूर्वानुमान लगाना है। एक वर्ष में 52 सप्ताह हैं :

अनुमानित वार्षिक बिक्री—₹ 87,81,500

बिक्री की लागत पर शुद्ध लाभ का प्रतिशत—30%

देनदारों को दी जाने वाली औसत साख—14 सप्ताह

लेनदारों द्वारा दी जाने वाली औसत साख—7 सप्ताह

(बिक्री आवश्यकताओं के सन्दर्भ में) औसत भंडार—12 सप्ताह

गणना किए गए आँकड़ों में आकस्मिकताओं के लिए 15% जोड़ना है

The following information has been extracted from the records of *X* Ltd. engaged in large-scale customer retailing. You are required to forecast its working capital requirements for the year 2022–23. One year constitutes 52 weeks :

Projected annual sales—₹ 87,81,500
Percentage of net profit on cost of sales—30%
Average credit allowed to debtors—14 weeks
Average credit allowed by creditors—7 weeks
Average inventory carrying (in terms of sales requirements)—12 weeks
Add 15% of the computed figures to allow for contingencies 15

*(c)* सहभागी निधि (म्यूचुअल फंड) क्या है? भारत में प्रचलित सहभागी निधि के प्रकारों पर चर्चा कीजिए।

What is a mutual fund? Discuss the types of mutual fund prevalent in India. 15

**7.** *(a)* 31 मार्च, 2022 को निम्नलिखित तुलन-पत्र दिया गया है :

| *विवरण* | | *राशि* ₹ |
|---|---|---|
| I. *इक्विटी एवं दायित्व* | | |
| 1. शेयरधारक निधि : | | |
| समता अंश पूँजी | | 5,00,000 |
| 10% अधिमान शेयर पूँजी | | 1,00,000 |
| आरक्षितियाँ एवं अधिशेष | | 92,000 |
| 2. अप्रचलित दायित्व : | | |
| 12% ऋणपत्र | | 4,00,000 |
| 3. चालू दायित्व : | | |
| विविध लेनदार | | 1,00,000 |
| देय विपत्र | | 40,000 |
| आयकर के लिए प्रावधान | | 1,00,000 |
| | कुल | 13,32,000 |
| II. *परिसम्पत्तियाँ* | | |
| 1. अप्रचलित परिसम्पत्तियाँ : | | |
| स्थायी परिसम्पत्तियाँ : | | |
| *(a)* मूर्त परिसम्पत्तियाँ : | | |
| संयन्त्र एवं मशीनरी | | 2,80,000 |
| भूमि एवं भवन | | 2,00,000 |
| फर्नीचर एवं फिटिंग | | 1,56,000 |
| | | 6,36,000 |
| *घटा :* मूल्यह्रास के लिए प्रावधान | | 1,48,000 |
| | | 4,88,000 |

| *विवरण* | *राशि* ₹ |
|---|---|
| (b) अमूर्त परिसम्पत्तियाँ : | |
| ख्याति (गुडविल) | 80,000 |
| निवेश | 3,00,000 |
| 2. चालू परिसम्पत्तियाँ : | |
| चालू परिसम्पत्तियाँ | 4,40,000 |
| पूर्वदत्त किराया | 4,000 |
| अनवशोषित प्रारम्भिक व्यय | 20,000 |
| कुल | 13,32,000 |

दिए गए तुलन-पत्र से निम्नलिखित की गणना कीजिए :

(i) ऋण-समता अनुपात

(ii) स्वामित्व अनुपात

(iii) शोधन क्षमता अनुपात

(iv) स्थायी सम्पत्तियों का स्वामित्व कोषों से अनुपात

(v) पूँजी दंतीकरण (गियरिंग) अनुपात

The following Balance Sheet is given as on 31st March, 2022 :

| *Particulars* | *Amount* ₹ |
|---|---|
| I. *Equity and Liabilities* | |
| 1. Shareholders' Funds : | |
| Equity Share Capital | 5,00,000 |
| 10% Preference Share Capital | 1,00,000 |
| Reserves and Surplus | 92,000 |
| 2. Non-Current Liabilities : | |
| 12% Debentures | 4,00,000 |
| 3. Current Liabilities : | |
| Sundry Creditors | 1,00,000 |
| Bills Payable | 40,000 |
| Provision for Income Tax | 1,00,000 |
| Total | 13,32,000 |

| *Particulars* | *Amount* ₹ |
|---|---|
| II. *Assets* | |
| 1. Non-Current Assets : | |
| Fixed Assets : | |
| *(a)* Tangible Assets : | |
| Plant & Machinery | 2,80,000 |
| Land & Building | 2,00,000 |
| Furniture & Fittings | 1,56,000 |
| | 6,36,000 |
| *Less* : Provision for Depreciation | 1,48,000 |
| | 4,88,000 |
| *(b)* Intangible Assets : | |
| Goodwill | 80,000 |
| Investments | 3,00,000 |
| 2. Current Assets : | |
| Current Assets | 4,40,000 |
| Prepaid Rent | 4,000 |
| Unamortized Preliminary Expenses | 20,000 |
| Total | 13,32,000 |

From the given Balance Sheet, calculate the following :

*(i)* Debt-equity Ratio

*(ii)* Proprietary Ratio

*(iii)* Solvency Ratio

*(iv)* Fixed Capital Ratio from Proprietary Capital

*(v)* Capital Gearing Ratio 20

*(b)* प्रबन्धन के लिए कोष प्रवाह विवरण का क्या महत्त्व है? यह रोकड़ प्रवाह विवरण से किस प्रकार भिन्न है?

What is the importance of Funds Flow Statement to the management? How is it different from a Cash Flow Statement? 15

*(c)* साख निर्धारण (क्रेडिट रेटिंग) क्या है? इसके उद्देश्य, कार्य तथा सीमाओं की व्याख्या कीजिए।

What is credit rating? Discuss its objectives, functions and limitations. 15

**8.** *(a)* *X* लिमिटेड की वर्तमान वार्षिक बिक्री ₹ 24 प्रति इकाई से ₹ 60 लाख है। परिवर्तनीय लागत ₹ 16 प्रति इकाई है और स्थायी लागत ₹ 5 लाख प्रति वर्ष है। इसकी वर्तमान एक महीने की क्रेडिट अवधि को दो या तीन महीने तक, जो भी लाभदायक हो, बढ़ाने का प्रस्ताव है। इस उद्देश्य के लिए निम्नलिखित अनुमान लगाए गए हैं :

| *क्रेडिट नीति* | *1 महीना* | *2 महीने* | *3 महीने* |
|---|---|---|---|
| बिक्री में वृद्धि (%) | — | 8 | 30 |
| बिक्री से डूबत ऋण का प्रतिशत | 1 | 2 | 6 |

वर्तमान स्तर से 25% से अधिक की बिक्री में वृद्धि के बाद स्थायी लागत में ₹ 1,00,000 की वार्षिक वृद्धि होगी।

कम्पनी को निहित जोखिम के स्तर के लिए कम-से-कम 20 प्रतिशत कर से पूर्व, निवेश पर प्रतिफल की आवश्यकता होगी।

उपर्युक्त परिस्थितियों में *X* लिमिटेड के लिए सबसे अच्छी क्रेडिट नीति क्या होगी?

*X* Limited has its present annual sales amounting to ₹ 60 lakhs at ₹ 24 per unit. Variable costs are ₹ 16 per unit and fixed costs amount to ₹ 5 lakhs per annum. Its present credit period of one month is proposed to be extended to either two or three months whichever appears to be more profitable. The following estimates are made for the purpose :

| *Credit Policy* | *1 month* | *2 months* | *3 months* |
|---|---|---|---|
| Increase in sales (%) | — | 8 | 30 |
| Percent of bad debt to sales | 1 | 2 | 6 |

Fixed costs will increase by ₹ 1,00,000 annually after an increase in sales above 25% over the present level.

The company requires a pre-tax return on investment of at least 20% for the level of risk involved.

What will be the most rewarding credit policy in case of *X* Limited under the above circumstances? 20

*(b)* तीन कम्पनियों के बारे में विवरण नीचे दिया गया है :

| *A लिमिटेड* | *B लिमिटेड* | *C लिमिटेड* |
|---|---|---|
| $r = 15\%$ | $r = 10\%$ | $r = 8\%$ |
| $k = 10\%$ | $k = 10\%$ | $k = 10\%$ |
| $E =$ ₹ 10 | $E =$ ₹ 10 | $E =$ ₹ 10 |

वॉल्टर मॉडल का प्रयोग करते हुए आपको तीनों कम्पनियों में से प्रत्येक के समता शेयर के मूल्य की गणना करनी है जब लाभांश भुगतान अनुपात *(i)* 20%, *(ii)* 50% तथा *(iii)* 0% है।

Details regarding three companies are given below :

| *A Limited* | *B Limited* | *C Limited* |
|---|---|---|
| $r = 15\%$ | $r = 10\%$ | $r = 8\%$ |
| $k = 10\%$ | $k = 10\%$ | $k = 10\%$ |
| $E = ₹10$ | $E = ₹10$ | $E = ₹10$ |

Using Walter's model, you are required to calculate the value of an Equity Share of each of these companies when dividend payout ratio is *(i)* 20%, *(ii)* 50% and *(iii)* 0%. 15

*(c)* उद्यम पूँजी (वेंचर कैपिटल) क्या है? अर्थव्यवस्था के विकास के लिए उद्यम पूँजी के कार्यों का वर्णन कीजिए। उद्यम पूँजी वित्तपोषण के विभिन्न चरणों पर भी चर्चा कीजिए।

What is venture capital? Explain the functions of venture capital for the development of economy. Also discuss the various stages of venture capital financing. 15

★ ★ ★